

# फार्म कलेक्शन की प्रगति अत्यंत कम होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## निर्वाचन नामावली पुर्नरीक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित, दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा अनिवार्य

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 जनवरी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष पुर्नरीक्षण अभियान के अंतर्गत दावा-आपत्ति एवं निराकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई. बैठक में नो मैपिंग सुनवाई व त्रुटि तथा फार्म कलेक्शन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई.**

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में बताया गया कि नौ मैपिंग सुनवाई के प्रकरणों में यदि मतदाता अनुपस्थित रहता है तो उसके अभिभावक की उपस्थिति स्वीकार्य होगी, किंतु




दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा. नौ मैपिंग के अंतर्गत आधार केवल पहचान का प्रमाण होगा. इसके साथ 1987 से पूर्व का जन्म प्रमाण पत्र, निवास से संबंधित दस्तावेज, भूमि बटन, खसरा, पट्टा, पेंशन रिकॉर्ड, परिवार पत्र तथा आयोग द्वारा अनुमोदित अन्य दस्तावेज (जो नोटिस में उल्लेखित हों) प्रस्तुत किए जा सकते हैं. वर्ष 2004 या उसके बाद जन्मे मतदाताओं को माता-पिता एवं दादा-दादी से संबंधित प्रमाण उपलब्ध कराना होगा. कलेक्टर ने लॉजिकल त्रुटि के विषय में त्वरित एवं सामान्य निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजर बीएलओ की बैठक लेकर तत्काल निराकरण की कार्यवाही पूर्ण कराएं. बीएलओ एप में दस्तावेज अपलोड कर बीएलओ सत्यापन रिपोर्ट संलग्न कर सत्यापन किया जाए. इसके लिए बीएलओ एप में दो दस्तावेज वर्ष 2003 की मतदाता सूची की प्रति (जिसमें संबंधित मतदाता या उसके रिश्तेदार का नाम हो) तथा बीएलओ लेटर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं.

इस श्रेणी में मतदाताओं से कोई अन्य दस्तावेज न मांगे जाएं. एईआरओ को निर्देश दिए गए कि समस्त हियरिंग ऑर्डर शीट में दर्ज कर त्रुटि समाप्त करें. बैठक में फार्म कलेक्शन की प्रगति अत्यंत कम होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते सभी बीएलओ को प्राप्त फार्मों का शीघ्र डिजिटाइजेशन करने, फार्म पर रिपोर्ट बीएलओ एप से सुनिश्चित करने तथा बुक-ए-काल प्रक्रिया को बीएलओ एप के माध्यम से शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए.

# मां खंधो देवी धाम में भक्तों का उमड़ा सैलाब

## परिसर में लगे मेले में लोगों ने की खरीददारी



**नवभारत न्यूज**

**गोविंदगढ़, 15 जनवरी, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिला पंचायत रीवा की वन स्थायी समिति की देखरेख में ग्राम वन समिति बांसा द्वारा माँ खन्धो देवी धाम में आयोजित मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. मेले में सुरक्षा और सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की.**

गोविंदगढ़ स्थित माँ खंधो धाम में लगने वाले मेले में दूरदराज से लोग पहुंचते है. जहा माँ कालिका के दर्शन के साथ मेले का आनंद उठाते है. देर शाम तक मेला चला और भक्तो की भीड़ लगी रही. सफल आयोजन पर जिला पंचायत रीवा की वन स्थायी समिति की सभापति श्रीमती निर्मला संजीव द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया है. उन्होंने मेले के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम वन समिति के सदस्यों और क्षेत्र की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया. जनता की प्रशंसा: मेले में की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों को देखकर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने समिति के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की. लोगों के सकारात्मक फीडबैक ने आयोजन समिति का उत्साह बढ़ाया है. भविष्य का संकल्प: सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी ने कहा कि माँ खन्धो देवी धाम की महिमा अपार है. उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और भी भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा. विकास की योजना: उन्होंने संकेत दिया कि धाम परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि इसे एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके. आभार प्रदर्शन: उन्होंने पुन: ग्राम वन समिति बांसा के सदस्यों और स्थानीय प्रशासन को उनके अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया, जिनकी वजह से इस वर्ष का आयोजन निर्विघ्न और व्यवस्थित रहा. श्रीमती द्विवेदी के इस विजन से क्षेत्रीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है और उन्हें उम्मीद है कि आगामी समय में माँ खन्धो देवी धाम का मेला जिले की एक नई पहचान बनेगा.

# इनामी फरार आरोपी को मऊगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 जनवरी, मऊगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. लंबे समय से फरार चल रहे 5000 रुपये के इनामी आरोपी को मऊगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था.**

थाना प्रभारी मऊगंज उपनिरीक्षक संदीप भारतीय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की. 17 अगस्त 2025 को फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मऊगंज में अपराध क्रमांक 591/25 अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था. विवेचना के दौरान प्रकरण में गंभीर धाराएं 96, 64(2), 70(1), 351 (3), 3(5) बीएनएस, 5/6 पॉक्सो एक्ट तथा एससी/ एसटी एक्ट जोड़ी गई. प्रकरण में एक आरोपी पंकज सोनी पिता चंद्रकिशन सोनी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है. वहीं दूसरा आरोपी संतोष उर्फ पप्पू पटेल निवासी पटेहरा, थाना मऊगंज घटना दिनांक से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मऊगंज द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था. फरार आरोपी लगातार पुलिस को चकमा देकर नागालैंड, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों में फरारी काट रहा था. विश्वसनीय सूचना के आधार पर मऊगंज पुलिस ने मध्य प्रदेश के देवास जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है.

# रीवा मार्केट में नि :शुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 जनवरी, मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति द्वारा नि: शुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है.**

व्यंकट रोड रीवा स्थित रीवा मार्केट में कक्षा 01 से 08 तक के गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारभ डॉ. विनोद श्रीवास्तव एवं समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता द्वारा किया. नि:शुल्क कोचिंग सेन्टर में कक्षा 01 से 08 तक के सभी विषयों तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से सम्पन्न होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के सदर्भ में जानकारी प्रदान की जायेगी. कोचिंग सेन्टर का प्रभारी सूचेन्द्र शुक्ला को बनाया गया हैं. समिति के उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव प्रतीक मिश्रा, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# गुढ़ विधायक ने कष्टहरनाथ धाम में भागवत कथा का किया श्रवण

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 जनवरी, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह गुढ़ नगर स्थित श्री कष्टहरनाथ धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण हेतु पहुंचे. जहां उन्होंने कथा सुनकर आशीर्वाद प्राप्त किया.**

इसके पश्चात वे श्री भैरवनाथ मंदिर प्रांगण पहुंचे और 31 जनवरी 2026 को प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंदिर लोकार्पण



कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया. इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, के.के. गर्ग, भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता, तहसीलदार अरुण कुमार यादव, संविदाकार विवेक दुबे, लालबिहारी सिंह, पटवारी संदीप कुमार शुक्ला, शिशुपाल सिंह गहरवार, प्रदीप पटेल, वन विभाग से आशुतोष पाण्डेय, विजय विश्वकर्मा सहित श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




ब्लॉक स्तरीय खेल के दौरान खिलाड़ियों का किया जा रहा चयन

# जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

मऊगंज, 15 जनवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है. बैठक में जिले के हनुमना विकासखण्ड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन की तैयारियों पर चर्चा की जायेगी. उल्लेखनीय है कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 24 फरवरी तक संचालित किया जायेगा.

# स्मारिका विमोचन के साथ पेंशनरों का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 जनवरी, भारत पेंशनर समाज मऊगंज का 24वां वार्षिक सम्मेलन श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ.**

विशिष्टि अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर तथा समारोह की अध्यक्षता बाल प्रभाकर त्रिपाठी भारत पेंशनर समाज के अध्यक्ष रहे. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा मंदिर परिसर में श्रीराम जानकी जी का एवं शिवजी व श्रीसिद्ध हनुमान जी का पूजन अर्जन व दीप प्रज्वलन किया गया. इसी बीच सभी सदस्यों द्वारा श्री राम नाम संकीर्तन किया गया तदुपरांत महासचिव के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया. कार्यक्रम में रामाश्रय द्विवेदी के द्वारा आये हुये अतिथियों का स्वागत भाषण एवं कविता के माध्यम से स्वागत किया गया. इस दौरान स्मारिका का विमोचन विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया तथा पेंशनरों का सम्मान भी किया गया. जिसमें 14 पेंशनारों को साल व श्रीफल भेंट किया गया तथा 34 पेंशनरों को आजीवन सदस्यता पत्र दिया गया. इसके बाद डॉ. रामसजीवन शर्मा, चन्द्रशेखर प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद पटेल खैरा, शिवकरण वर्मा, रामनिश्चय मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा व भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने अपने विचार रखे व कविता पाठ किया. मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष के उद्बोधन के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया. संचालन मऊगंज के अध्यक्ष द्वारा किया गया.

# ब्लॉक स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स में किया गया चयन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 जनवरी, खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में आयोजित खेलों एम.पी.यूथ गेम्स कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय खेलो का आयोजन 13 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य किया गया.**

इस अवसर पर विद्यालयों एवं खेल सेन्टरों के बालक/बालिकाओ ने भाग लिये खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में रीवा विकासखण्ड में 19 खेलों का आयोजन में ब्लॉक, स्तर पर किया गया. जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, जूडो, खो-खो, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस, योगासन, टेनिस, शतरंज,बास्केटबॉल, फुटबाल, कबड्डी, व्हॉलीबाल, क्रिकेट, पारंपरिक खेल पिट्ठू एवं रस्साकसी, थ्रो-बॉल खेल में चयन किये गये है. खिलाड़ी अपना पंजीयन ब्लॉक, स्तर से करेगें, इस अवसर पर निर्णायक के रूप में श्री एम.पी. सिंह, मोहन लाल शर्मा, आनंद सिंह, प्रवीण सिंह, राजबहोर साहू, कुशल थापा, राखी सिह चैहान, रीतिका शर्मा, अमर सिह जाटव, तोषराम कनौजे, पुष्पेन्द्र शर्मा, प्रशांत सिंह, विष्णु तिवारी, धर्मराज सिंह, पुष्पराज मिश्रा, उपेन्द्र पाण्डेय, प्रकाश सिह, शुभम शुक्ला एवं समस्त खेलों का प्रभारी ब्लॉक समन्वयक श्री दिलीप सिंह उपस्थित रहे. एम.के.धौलपुरी, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि ब्लॉक स्तरीय आयोजन के चयनित खिलाड़ी 17 से 20 जनवरी तक जिला स्तरीय आयोजन में भाग लेगें, जिसमें विकासखण्ड, रीवा, सिरमौर, रायपुर कर्चु., त्योथर, गंगेव एवं जवा के चयनित खिलाड़ी शामिल होगें. अधिक जानकारी के लिये कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में संपर्क करे.

# कलेक्टर की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 जनवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिले के बीएलओ की बैठक संपन्न हुई. उन्होंने कहा कि नो मैपिंग मतदाता अनुपस्थित है तो गार्जियन भी उपस्थित हो सकते है दस्तावेज अनिवार्य है.**

सबध में आधार केवल पहचान का प्रमाण है आधार के साथ 1987 से पहले का जन्म प्रमाण, निवास से सबधित दस्तावेज, भूमि बटन, खसरा, पटटा, पेंशन रिकॉर्ड, परिवार पत्र, आयोग द्वारा अनुमोदित दस्तावेज



जो नोटिस में लिखे हुए हैं आदि प्रस्तुत कर सकते हैं. 2004 या उसके बाद के जन्मे लोगों को माता-पिता एव दादी बाबा से सबंधित प्रमाण उपलब्ध कराने होंगे. सभी सुपरवाइजर बीएलओ को बैठक लेकर कार्यवाही पूर्ण करें. लाजिकल त्रुटि हेतु बीएलओ एप्प में दस्तावेज अपलोड कर बीएलओ सत्यापन रिपोर्ट लगाकर सत्यापित करें. 2003 की मतदाता सूची की प्रति जिसमें मतदाता या रिश्तेदार का नाम हो एवं बीएलओ पत्र लगाना है. कोई अन्य दस्तावेज मतदाता से नहीं मांगना है.

# पुलिस अधीक्षक ने तीन आरोपियों पर किया इनाम घोषित

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 जनवरी, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर पाँच-पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है.**

यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है. थाना मऊगंज में दर्ज आपराधिक घटना में शामिल विनय सिंह उर्फ रिंकू सिंह पिता दिवाकर सिंह आयु 35 वर्ष तथा सूर्यप्रकाश सिंह पिता दिवाकर सिंह आयु 33 वर्ष दोनों निवासी बहेरा डाबर की गिरफ्तारी पर पाँच-पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है. थाना लौर में दर्ज प्रकरण में आरोपी आशुतोष तिवारी उर्फ छोटू तिवारी पिता राजेश तिवारी निवासी ग्राम पन्नी की गिरफ्तारी पर भी पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है. फरार आरोपियों को गिरफ्तार कराने अथवा गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम की राशि दी जाएगी. इस संबंध में एसपी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा.

# पूर्व विधायक ने किया खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 15 जनवरी, स्थानीय सेठ बिहारीलाल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना के मैदान में चल रहे स्व. हरिनारायण गुप्ता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का निरीक्षण करने मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना पहुंचे.**

इस दौरान उन्होंने मुरैठा और एसआरपी कॉलेज के बीच खेले गए रोमांचक मैच को देखा एवं मैदान पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया. श्री



बन्ना ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए युवाओं को खेलों से जुड़ने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया.

इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव नीलेश केशरी उपाख्य बच्चा भैय्या,ब्लाक अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा,सिंकू सोनी, गिरधारी लाल गुप्ता आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही.

# हनुमना क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के दुकानों का हो रहा संचालन

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 15 जनवरी, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील क्षेत्र में इन दिनों वस्तु एवं सेवा कर की चोरी खुलेआम की जा रही है.**

कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बिना तस्ज्ञ रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं, वहीं जिन व्यापारियों के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन मौजूद है वे भी निर्धारित मासिक तस्ज्ञ जमा नहीं कर रहे हैं. स्थानीय व्यापारिक गलियों में अनेक बड़े सर्राफा व्यवसाई, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर पार्ट्स, कपड़ा, बिल्डिंग मटेरियल सहित कई व्यवसाय ऐसे पाए गए हैं जो बिना जीएसटी रजिस्ट्रेशन के ही व्यापार कर रहे हैं. इससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है. साथ-ही साथ पंजीकृत व्यवसायियों पर भी प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ रहा है. सूत्रों के अनुसार कुछ व्यापारियों पर जब दबाव बनाया जाता है तो वे कथित तौर पर मासिक चार्ज बतौर अधिकारियों की खुशामद वाली चढ़ोत्री देकर अपना कारोबार सुचारू रूप से चलाते हैं. वहीं विभागीय कार्रवाई न होने से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर प्रशासन इसकी मॉनिटरिंग क्यों नहीं कर रहा?

# किसानों की समस्याओं को लेकर निकाली गई किसान पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 15 जनवरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. किसान कांग्रेस धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उमाकांत पटेल के आयोजकत्व में गौरी से शाहपुर तक किसान पदयात्रा का आयोजन किया गया.**

इस किसान पदयात्रा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी तथा प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के दौरान किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार के




खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की गई. वक्ताओं ने किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा किसान हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया.

पदयात्रा में ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा सहित भरत लाल सोनी, हिंच लाल पटेल, निरपेंद्र सिंह, दिनकर राल्ही, श्याम लाल शुक्ला, राहुल सिंह, दीपक सिंह, लाल विक्रम बहादुर सिंह, महेंद्र पटेल, प्रदीप द्विवेदी, संकर्षण सिंह, उमाकांत पांडेय, रमेश तिवारी, संगम लाल तिवारी, रामदरश कुशवाहा, रिंकू सिंह, सुखलाल सोनी, अमृतलाल शुक्ला, शिवलाल साकेत, आशीष तिवारी, मिश्रीलाल साकेत, बब्बू मिश्रा, पप्पू यादव, रघुनाथ साकेत, मकसूद खान, अन्नू खान, मुखिया श्री प्यासी, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे.

# आत्मा का परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण का नाम ही बलि व बामन की कथा है : गोपालाचार्य

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 15 जनवरी, अमाघमेला प्रयागराज परमात्मा के प्रति पूर्ण रूपेण सर्वस्व समर्पित करने वाले के जीवन में परमात्मा का प्राकट्य अवश्य होता है फिर चाहे वह कोई भी हो.**

दैत्य सम्राट महाराज बली ने अपने दान को पूर्ण करने के लिए राज पाठ ही नहीं परिवार तक को न्योछावर कर दिया यही कारण है कि भगवान स्वयं उनके द्वारपाल बनकर अहर्निश दर्शन देने को मजबूर हो गये. इसी का नाम शरणागति है जब व्यक्ति परमात्मा के प्रति संपूर्ण समर्पण कर देता है तो उसके जीवन में भी अवश्य ही परमात्मा का प्राकट्य होता है. उपरोक्त बातें उत्तराखंड पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी कृष्णाचार्य जी महाराज के उत्तराधिकारी युवराज स्वामी गोपालाचार्य ने माघ मेला प्रयागराज के संगम लोअर महावीर मार्ग चौराहा स्थित ऋषिकेश शिविर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दैत्यराज बली एवं भगवान वामन की कथा सुनाते हुए कहीं पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि दान धर्म पूजा पाठ में जो भी रोड़ा बनता है उसकी दशा शुक्राचार्य जैसे होती है शुक्राचार्य ने शिष्य के मोह में पड़कर कहीं भगवान से मेरा शिष्य छला ना जाए.